CIRRUS
Listen. Measure. Interpret.

Nav Bharat Times - Mumbai;Fri, 11 Apr-14;Size : 74.15 sq.cm.;Page : 9

CIRRUS
Listen. Measure. Interpret.

# CI पॉलिसी के तहत धनराशि का निवेश का विकल्प



Personal Finance / Investment

- राकेश जैन, सीईओ, रिलायंस जनरल इंश्योरेंस

क्रिटिकल इलनैस (सीआई) यानी गंभीर बीमारियां आज बड़ी संख्या में लोगों को प्रभावित कर रही है। खाने-पीने की गलत आदतें, जीवनशैली और बढ़ता प्रदूषण इसके मुख्य कारण हैं। इसी के साथ आयु भी बढ़ रही है, ऐसे में गंभीर बीमारियों के लिए बीमा कवर बेहद जरूरी हो गया है। जहां एक ओर लोग सामान्य हेल्थ कवर तो ले लेते हैं, वहीं गंभीर बीमारियों जैसे कैंसर, हार्ट अटैक और पैरालिसिस जैसी बीमारियों के लिए बीमा की अनदेखी कर दी जाती है। इससे व्यक्ति बीमारी की अवस्था में आर्थिक सहायता के लिए दूसरों पर निर्भर हो जाता है।

ऐसी बीमारियों के चलते व्यक्ति की खुद की कमाने की क्षमता खत्म हो जाती है, वह बीमारी के इलाज एवं अन्य खर्चों के लिए आर्थिक दृष्टि से अपने परिवार पर निर्भर हो जाता है। ऐसी गंभीर बीमारियों में बेसिक हेल्थ पॉलिसी कवर उपचार के खर्चे के लिए उपयुक्त नहीं होता। साथ ही परिवार पर कई अन्य बोझ भी बढ़ जाते हैं। जैसे- पैरालिसिस के मरीज के लिए घर में कई बदलाव लाने पड़ते हैं।

मरीज की नियमित दवाओं का खर्च बोझ बढ़ जाता है, उसकी देखभाल के लिए नौकरानी का खर्च बढ़ जाता है और सबसे बड़ी बात तो यह कि बीमारी व्यक्ति की कमाने की क्षमता खत्म हो जाती है। इन सभी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए क्रिटिकल इलनैस इंश्योरेंस कवर को डिजाइन किया गया है।

इस प्रकार के बीमा कवर में रोग का निदान होने पर रोगी को एकमुश्त राशि का भुगतान किया जाता है। पॉलिसी कैंसर, हार्ट सर्जरी, स्ट्रोक के सभी मामलों को कवर करती है तथा इन बीमारियों का पता चलने पर रोगी को पहले से तय राशि दी जाती हे। पॉलिसी आपके हेल्थ कवर से कहीं ज्यादा राशि आपको देती है।

**पॉलिसी अस्पताल के सारे खर्च का भार वहन करती है**

एक सामान्य हेल्थ पॉलिसी के विपरीत यह पॉलिसी अस्पताल के सारे खर्च का भार वहन करती है। सीआई पॉलिसी के तहत प्राप्त धनराशि का निवेश भविष्य के खर्चों के लिए एक एफडी के रूप में भी किया जा सकता है। बहुत से लोग अपनी अन्य वित्तीय जरूरतों जैसे होम लोन, बच्चों की शिक्षा आदि के लिए इसे निवेश कर सकते हैं। इस तरह की पॉलिसी को चुनने से पहले आपको इसमें कवर की जाने वाली बीमारियों की पूरी सूची का मूल्यांकन करना चाहिए, साथ ही देखना चाहिए कि क्या यह आपकी जीवन शैली एवं चिकित्सा व्यय के अनुरूप है। औसतन एक 30 साल का व्यक्ति 3 लाख का हेल्थ कवर लेता है, जो हार्ट अटैक एवं सर्जरी जैसे मामलों में अस्पताल में भर्ती का भार वहन कर सकता है। हालांकि हो सकता है कि यह व्यक्ति लंबे समय तक काम करने के योग्य न हो। ऐसे में उसके पास 10 लाख का कवर होना चाहिए। यह आपकी सभी जरूरतों को पूरा कर सकता है।